**राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2026**

## समर्पण के 22 वर्षों का सम्मान, अमुथा जे. को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र. 2, मदुरै की मुख्य अध्यापिका सुश्री अमुथा जे. को बुनियादी शिक्षा, समावेशी विकास और युवा नेतृत्व के लिए समर्पित 22 वर्षों के विशिष्ट कार्यकाल के लिए मा. राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2026 से सम्मानित किया गया। सुश्री अमुथा जे. ने अपने 22 वर्षों के कार्यकाल में न केवल बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान (FLN) को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, बल्कि विभिन्न मॉड्यूल, कम लागत वाली शिक्षण सहायता सामग्री और के.वि.सं. फॉनिक्स वर्कबुक्स भी विकसित की हैं। साथ ही, उनका संवेदनशील और विद्यार्थी-केंद्रित दृष्टिकोण अनेक बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। उन्होंने शारीरिक चुनौतियों वाले बच्चों का मार्गदर्शन कर उन्हें आत्मनिर्भरता, उच्च शिक्षा और व्यावसायिक करियर की दिशा में आगे बढ़ने में भी सहायता प्रदान की है।

